तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

4 कस्तूरबा विद्यालय में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



5 डॉ. बुद्धेश्वर को फैमिली मेडिसिन में मिला पोस्ट...



## खबर संक्षेप

### होली पर 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**बेमेतरा।** 4 मार्च बुधवार होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है।जारी आदेश के परिपालन में जिला बेमेतरा में स्थित सभी मदिरा दुकानें उक्त तिथि को पूर्णतः बंद रहेंगी। इसमें निम्नलिखित दुकानें एवं उनसे संलग्न अहाते शामिल हैं समस्त देशी मदिरा दुकानें (सी.एस.-2 (घघ)), समस्त विदेशी / प्रीमियम मदिरा दुकानें (एफ.एल.-1 (घघ)), समस्त देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानें (सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट)) । समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाते सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल.-1 (ख-कम्पोजिट अहाता) । आदेशानुसार 04 मार्च 2026 (बुधवार) को उक्त सभी प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहेंगे तथा निर्धारित अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।प्रशासन द्वारा नागरिकों से शांति, सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की गई है।

### जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

**दुर्ग।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रांसमिशन असेसमेंट अभियान 1.0 चलाया जा रहा है। आरबीएस की टीम आयुष चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्निशियन व अन्य टीम सदस्यों द्वारा 6 से 7 वर्ष तक के बच्चों का रक्त परीक्षण किया जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के डॉ. मनोज सिंग ने इसके लिए प्रशिक्षण।

**सौगात : जिले के 1.54 लाख से अधिक किसानों को मिला सीधा लाभ**

# कृषक उन्नति योजना के तहत 631.30 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के उपरांत राज्य शासन द्वारा संचालित कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान जिले के किसानों के बैंक खातों में डीबीटी माध्यम से अंतरित कर दिया गया। होली पर्व से ठीक पूर्व 631 करोड़ 30 लाख रुपये की बड़ी राशि सीधे खातों में पहुंचने से जिले के अन्नदाता किसानों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण है।

राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने योजना अंतर्गत राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालयों में किया गया, जिसमें बेमेतरा जिला भी वर्चुअली जुड़ा रहा। जिले के कुल 1 लाख 54 हजार 995 पंजीकृत किसानों को 631 करोड़ 30 लाख रुपये की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। वर्ष 2025-26 में जिले की 102 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित 129 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी की गई। प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा के अनुसार लगभग 86 लाख 44 हजार क्विंटल धान का उपार्जन किया गया। समर्थन मूल्य की मूल राशि का भुगतान पूर्व में ही किसानों को किया जा चुका है।योजना के तहत सामान्य धान पर 731 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान पर 711 रुपये प्रति क्विंटल की दर से आदान सहायता राशि का भुगतान किया गया। इस प्रकार राज्य शासन द्वारा धान का कुल भुगतान 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश स्तर पर 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों को 10,324 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी कृषि सीजन की तैयारियों में जुटने की बात कही। जिले में बड़ी राशि के प्रवाह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है।



### यह किसानों के परिश्रम का सम्मानः विधायक

विधायक श्री दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बेमेतरा कृषि प्रधान जिला है और यहां के किसान मेहनती, जागरूक एवं प्रगतिशील हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों से किया गया वादा निभाते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी एवं 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि 631 करोड़ 30 लाख रुपये की यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के परिश्रम का सम्मान है। इससे आगामी फसल के लिए बीज, खाद, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था में सहूलियत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार किसानों के हित में संवेदनशील निर्णय ले रही है और समय पर भुगतान से किसानों का विश्वास और मजबूत हुआ है। जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर ने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों के साथ-साथ स्थानीय बाजारों में भी आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### टाउन हॉल में वृहद किसान सम्मेलन

जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में इस अवसर पर वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई तथा जिला पंचायत सीईओ हेमलता पदमाकर सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा ने की नई जिला कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ महिला नेतृत्व और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कदम

जिले में संगठन विस्तार और महिला नेतृत्व को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी इकाई भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला बेमेतरा की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित सूची में जिले के विभिन्न क्षेत्रों की सक्रिय एवं समर्पित महिला कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी में तीनों विधानसभाओं का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। घोषणा के साथ ही संगठन में उत्साह का माहौल है।

पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यह गठन बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और महिला कार्यकर्ताओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नवनियुक्त प्रमुख जिम्मेदारी के तौर उपाध्यक्ष बनाएंगे, उनमें पिंकी नेमा गुप्ता (बेमेतरा), रजनी चौबे (बेमेतरा), हेमलता सिन्हा (पदमि), सबीना खान (नवागढ़), मीना पटेल (बेमेतरा) है वही महामंत्री मधु राजपूत (परपोड़ी), गिरिजा कुर्रे (नवागढ़) मंत्री मीना निषाद (बालारामपुर), मनीषा शर्मा (बेमेतरा), उमा पटेल (छीतापार), राजेश्वरी शुक्ला (साजा), तामेश्वरी साहू, चंपती साहू (देवादा) कोषाध्यक्षः मंजूलता रात्रे (नवागढ़) सह-कोषाध्यक्षः हेमलता शर्मा (बेमेतरा) मीडिया प्रभारीः ईश्वरी सिन्हा,कार्यालय प्रभारी कमला साहू ,सह- कार्यालय प्रभारी शीला साहू (बेमेतरा) सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. डामीन वर्मा सह-सोशल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### हर बूथ तक महिला शक्तिः प्रज्ञा निर्वाणी

जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि नई टीम केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा आगामी समय में बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और महिला नेतृत्व विकास को लेकर विशेष अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य "हर बूथ तक महिला शक्ति" को संगठित करना है, ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत किया जा सके।



## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उपाध्यक्ष अजय उमरे, दिनेश देशमुख, ओपी रजक, सुखदेव देवांगन, कमलेश हिरवानी, धर्मेंद्र सोनकर, महामंत्री सुरेंद्र साहू सानिध्य चंद्राकर, मंत्री मलखान सिंह लोधी, भारतेंदु गौतम, संदीप कहार, गौरव मढारिया, रमेश वर्मा, चेतन सिन्हा, राजू देशमुख कोषाध्यक्ष प्रेम देवांगन, संजय देशमुख, श्रीकांत चंद्राकर, कार्यालय मंत्री नगीना यादव, चिंटू यादव, रामकुमार सोनी, मीडिया प्रभारी आशुतोष यादव, विपिन चावड़ा, विक्रम आदित्य देशमुख, सोशल मीडिया प्रभारी विजयकांत बंछोर, यश वर्मा, आईटी सेल संयोजक दुष्यंत साहू, प्रांजल भारद्वाज, मन की बात प्रभारी देव वर्मा, योजना प्रचार प्रसार प्रमुख चंचल यादव, प्रमुख प्रकाश नारायण देवांगन, कार्य समिति सदस्य दिलीप साहू, महेश ठेठवार, फते लाल साहू, वीरेंद्र सिंह, विनोद ताम्रकार, अमर सिंह यादव, उमेश साहू, दामोदर चक्रधारी, गुलशन साहू, शुभम साहू, महेश सार्वा, गोविंद देवांगन, अंगेश्वर साहू, रवि सिन्हा, राकेश भारती साहू, विकास ताम्रकार, राकेश देवांगन, धन सिंह चंद्राकर, कमल देवांगन को बनाया गया है। कार्यकारिणी घोषणा के बाद वरिष्ठजनों और महिलाओं में नाराजगी सामने आई है। प्रमुख पदों पर गिनती के लोगों को जगह दी गई है।

### जमीन बेचने का झांसा 55 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ज्ञानेश्वर सिंह ने शिकायत किया कि कातुल बोर्ड, पटवारी हल्का 20 में भूमि स्वामी संदीप जैन, अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है। आरोपीगण द्वारा अपने नाम से इसका एग्रीमेंट होना बताकर बताया और बेचा था। इकरारनामा कर पीड़ित से नगद 16 लाख रुपए एवं बैंक खाते के माध्यम से 15 लाख रुपए लिया। कुल 55 लाख रुपए आरोपी 302 कल्पतरु अपार्टमेंट, कृष्णा टॉकिज रोड, रिसाली निवासी अजमेर ने लिया। पुलिस जांच में पता चला कि भूमि स्वामी के नाम से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड तैयार कर आईसीआईसी बैंक में फर्जी खाता खुलवाकर राशि आहरित किया गया। पुलिस ने पूर्व में आरोपी कुलदीप सिंह सोनी, जोगी सिंह सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

# तकनीकी शोधपत्र प्रतियोगिता में ग्रीन रेनोवेशन के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आईआईएम भिलाई चैप्टर द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर -लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में तकनीकी शोधपत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिति बीसप के कार्यपालक निदेशक और भिलाई चेप्टर के अध्यक्ष राकेश कुमार थे। प्रतिभागी विशेषज्ञों ने कार्बन नियंत्रण पर जागरुक किया।

ग्रीन रेनोवेशन एंड इनोवेशन्स विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता ने इस्पात उद्योग में पर्यावरणीय प्रदर्शन सुधार, ऊर्जा दक्षता संवर्धन तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए सतत एवं नवाचारी समाधान पर संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 15 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में इस्पात उद्योग के भविष्य निर्माण में सतत प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा संरक्षण उपायों एवं पर्यावरणीय उत्तरदायी नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बीएसपी के विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**आईआईएम भिलाई चैप्टर का स्थापना दिवस**

**निर्णायकों ने सराहा**

प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशिष्ट विशेषज्ञों में प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, रायपुर डॉ. वर्षा पांड्या चौरसिया, प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई डॉ. यज्ञेश शादंगी; पूर्व सीजीएम बीएसपी एवं उपाध्यक्ष, आईआईएम भिलाई चैप्टर तापस दासगुप्ता; तथा सीजीएम बीएसपी बीके बेहरा शामिल थे।



**विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत**

शोधपत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एसपी-3 व ओएचपी की टीम सजीव वर्गीस, आरडी शर्मा, अरुणेश शर्मा, विपुल सोनी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार भी एसपी-3 और ओएचपी की टीम विवेक श्रीवास्तव, श्री विकास पिपरानी, अखिल यूके व केके वर्मा ने प्राप्त किया तथा तृतीय पुरस्कार एसएमएस-3 की टीम श्री अतुल बेंडाले एवं श्री सुशील कुमार को मिला। कार्यक्रम में महाप्रबंधक मानद सचिव केवी शंकर, कोषाध्यक्ष एलआरआरसी मूर्ति, उदयभानु तिवारी, संयुक्त सचिव जेएस कोहली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक मनीषा नंदी ने किया।

## समस्या निदान के लिए सेल या इस्पात मंत्रालय के अधिकारी भिलाई भेजने की गुहार

# रिटेंशन : भाजपा व कांग्रेस के आंदोलन के बाद अब प्रधानमंत्री से दखल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

**पीएम मोदी को पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष सोनकर ने लिखा पत्र**

भिलाई इस्पात संयंत्र के सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवासीय समस्या के जल्द निदान के लिए बीएसपी पर दबाव बढ़ता जा रहा है। रिटेंशन स्कीम की बेतहाशा किराया वृद्धि वापस लेकर इस स्कीम को यथावत रखे जाने की श्रमिक संगठनों के साथ कांग्रेस और भाजपा के आंदोलन के बाद अब सीधे प्रधानमंत्री से इस गहराती समस्या के निदान की मांग की गई है। निराकरण का दायित्व बीएसपी प्रबंधन पर छोड़कर सेल अथवा इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल को यहां भेजकर यहां के सांसद,विधायक, जन प्रतिनिधियों व सेवानिवृत्त कर्मियों से चर्चाकर समाधान कराने की मांग की है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम का किराया 24 सौ रुपए प्रति वर्गफीट करने के बाद इस स्कीम का बंद करने से चौदह सौ सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। इसके खिलाफ यूनियनों के बाद सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेप्रकाश पांडेय ने प्रबंधन व इस्पात मंत्री से रिटेंशन स्कीम यथावत रखे जाने की मांग की थी वहीं भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने भी चार दिन तक आमरण अनशन किया था। बाद रिटेंशनधारियों ने भाजपा के समर्थन में नगर सेवाएं विभाग भवन के सामने जंगी प्रदर्शन फिर स्कूटर रैली भी निकाली थी।

अब जिला भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमर सोनकर ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर रिटेंशन समस्या की वस्तुस्थिति से अवगत कराने हुए सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों की समस्या का जल्द निदान किए जाने की मांग की है। बीएसपी प्रबंधन पर दोहरा मापदंड अपनाने व पीएम को दिग्भ्रमित किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया है कि पूर्व पत्र में सेवानिवृत्त कर्मियों पर प्रबंधन द्वारा 24 रुपए प्रति स्कवेयर फीट की दर से पैनाल्टी लगाने की शिकायत की गई थी। जबकि थर्ड पार्टी से 8 रुपए आवासीय किराया लिया जा रहा है। सेल की अन्य इकाइयों की तरह बीएसपी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए रिटेंशन पालिसी लागू किया गया था, जिसके तहत दो लाख से नौ लाख रुपए जमा करवाकर अपने बीएसपी आवास निवास कर रहे हैं। इस जमा राशि पर बीएसपी कोई ब्याज भी नहीं देती है। रिटेंशन अवधि के समाप्त होने के बाद रिटायर 32 गुना पेनाल्टी के साथ किराया पटा रहे हैं, जो 5 से 7 हजार रुपए आ रहा था । लेकिन बीएसपी के किराया वृद्धि बाद 15 से 20 हजार रुपए आ रहा है। इसे पटाने में असमर्थ सेवानिवृत्त कर्मी लगातार आंदोलित हैं।



**रिटायर कर्मियों पर 8 नहीं 24 रुपए वर्गफीट से रेंट लगाया जा रहा**

पीएम को ज्ञापन में रिटेंशन स्कीम की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया गया है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा पीएम रिटायर कर्मियों पर रिटेंशन अवधि समाप्त होने पर पैनल रेंट का प्रावधान है, 8 रुपए वर्गफीट थर्ड पार्टी है। जबकि वास्तविकता यह है कि बीएसपी द्वारा रिटायर कर्मियों पर 8 रुपए नहीं 24 रुपए प्रति वर्गफीट से पैनल रेंट लगाया जा रहा है। पीएम को यह भी बताया गया है कि रिटेंशनधारियों के बीएसपी क्वार्टर में रहने से बीएसपी को राजस्व प्राप्ति, नियमित मेंटेनेंस होने के साथ मकान खाली रहने अराजक तत्वों की अराजकता बढ़ने की चिंता से भी बीएसपी मुक्त है। जबकि बीएसपी द्वारा बिना किसी कार्ययोजना के खाली कराए जा रहे आवास के खिड़की, दरवाजे निकाकर खंडहर में तब्दील किए जाने से इनमें अपराध बढ़े रहे हैं। श्री सोनकर पीएम से रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने सेल या मंत्रालय के प्रतिनिधि मंडल को भेजकर यहां रिटायर रिटेंशनधारियों व सांसद विधायक से चर्चाकर रिटेंशन समस्या का निदान कराने की मांग की है।

**अन्य संयंत्रों में मिल रहे हैं बड़े लायसेंसी आवास**

पीएम को पत्र में बताया है कि बीएसपी द्वारा अपने कर्मियों को मात्र 4 सौ वर्ग फीट तक के आवास ही लायसेंस पर दिए जा रहे हैं, जबकि सेल की सभी इकाइयों द्वारा अपने कर्मचारियों को 650 वर्गफीट से अधिक के आवास लायसेंस पर दिए जा रहे हैं। थर्ड पार्टी आवंटियों पर बकाया लाखों रुपए की वसूली के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि दीर्घ योगदान से बीएसपी को सेल में सर्वाधिक कीर्तिमानी यूनिट बनाने वाले रिटायर बीएसपी कर्मचारी रिटेंशनधारियों के साथ भेदभाव से असंतोष बढ़ रहा जिससे भाजपा के प्रतिआम जनमानस में आक्रोश पैदा हो रहा है। सबको आवास योजना पर कुठाराघात हो रहा है। श्री सोनकर ने बताया कि छग विधानसभा चुनाव के दौरान कोर ग्रुप के सदस्य के नाते मैंने यहां आए सभी प्रभारियों को रिटेंशन समस्या से अवगत कराने पर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में भी इन विषयों को शामिल किया था।

## बीएसपी के एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को मिलेगी 2700 रुपए प्रतिमाह पेंशन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्षों काम करने वाले सेवानिवृत्त एचएसएलटी ठेका मजदूरों के लिए खुशखबरी है। साफ-सफाई और उत्पादन कार्य में 40 वर्षों से कार्य करने के बाद सेवानिवृत्त हुए एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का पेंशन लंबे समय से लंबित था। ईपीएफ के केवाईसी लंबित रहने के कारण 10 वर्षों से प्रयास बाद भी उनका पेंशन प्रारंभ नहीं हो पा रहा था। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रयास से एचएसएलटी ठेका श्रमिकों की पेंशन चालू हो गई है। लंबित पेंशन को लेकर ठेका श्रमिकों ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) कार्यालय में अध्यक्ष संजय कुमार साहू से संपर्क किया। पिछले दो साल के प्रयासों और बीएसपी के उच्च प्रबंधन, सीएलसी ठेका प्रकोष्ठ, वित्त विभाग और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रायपुर के सहयोग से 250 ठेका श्रमिकों में से 110 श्रमिकों का पेंशन प्रारंभ हो गया है। शेष श्रमिकों की प्रक्रिया प्रगति पर है। प्रारंभ हुए पेंशन प्रकरणों में श्रमिकों को 2,700 प्रतिमाह पेंशन तथा 1,70 हजार पेंशन एरियर के रूप में मिलना प्रारंभ हो गया है। पेंशन चालू होने की खुशी में एचएसएलटी ठेका श्रमिकों ने यूनियन कार्यालय पहुंचकर मिठाई वितरण किया तथा स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष सीपी वर्मा और दीनानाथ सिंह सार्वा का पुष्पहार और शाल से सम्मान किया। इस अवसर पर एचएसएलटी ठेका श्रमिक गिरवर साहू, जनक देवांगन, गजाधर, बालूराम, वीर सिंह, लक्ष्मण राव, राजू भारती, लखन साहू, घासीराम, रामचरण सिंह, परगन साहू, सोनबाई सहित यूनियन के पदाधिकारी और अन्य श्रमिक उपस्थित थे।

**इंटक व प्रबंधन का प्रयास**

अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि यह कार्य चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि 15 वर्षों से निरंतर प्रयास के बाद भी पेंशन प्रारंभ नहीं हो पाया था। यूनियन एवं प्रबंधन के समन्वित प्रयासों से यह संभव हो सका। आगे भी इंटक यूनियन श्रमिकों के वेतन वृद्धि आदि हित में सतत कार्य करती रहेगी ।

## नाली निर्माण और उद्यानों में पेवर ब्लॉक कार्य का किया निरीक्षण

**भिलाई।** निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर निर्माणाधीन नाली और उद्यानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।आयुक्त ने जोन-5 के अंतर्गत एमजीएम स्कूल के समीप बन रही नाली का बारीकी से अवलोकन किया। स्थानीय नागरिकों की जल निकासी संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। आयुक्त ने सड़क 21 स्थित उद्यान पहुंचे।

# भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ में उपाध्याय और घनघोरकर ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला कार्यालय में आयोजित समारोह में शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में विनोद उपाध्याय ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में जेपी घनघोरकर और बृजमोहन उपाध्याय ने भी अपनी जिम्मेदारियां संभाली। सहसंयोजक के रूप में अंबिका द्विवेदी और सूर्यकांत पांडे ने भी पद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान विनोद उपाध्याय और जेपी घनघोरकर ने सांसद विजय बघेल और जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरी टीम के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। पदभार ग्रहण के बाद विनोद उपाध्याय ने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। वहीं जेपी घनघोरकर ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस मौके पर ओम प्रकाश यादव और अफजल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, योगेंद्र सिंह, मदन सेन, सूर्यकांत पांडे, अंबिका द्विवेदी, रवि सिंह, अविनाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कस्तूरबा विद्यालय में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**बेमेतरा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेमेतरा में प्रतिवर्ष की भांति उल्लास के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। 7 अलग-अलग विधाओं विज्ञान पहेली, विज्ञान नृत्य, विज्ञान नाटिका,चित्रकला, रंगोली, प्रैक्टिकल, मॉडल में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। चित्रकला में प्रथम हिना मधुकर, द्वितीय संध्या साहू, तृतीय सिमरन, इस प्रकार रंगोली में कक्षा आठवीं प्रथम वेदिका वर्मा, द्वितीय धावनी निषाद, तृतीय नेहा घृतलहरे। इस प्रकार विज्ञान पहेली में प्रथम कक्षा छठवीं से रीना, द्वितीय आठवीं से संध्या तृतीय सातवीं से टिंकल ने अपना स्थान बनाया, इस प्रकार कक्षा छठवीं से आठवीं तक के लगभग 48 बच्चों ने अपनी सहभागिता दी, बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय आने पर पुरस्कार विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे तथा उपस्थित सभी शिक्षिकाओं के द्वारा सहभागिता के लिए बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया एवं उत्साहवर्धन किया गया।

# नेताओं के झगड़े में रुका शहर का विकास कार्य भूमिपूजन के बाद सड़क का रोका गया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के जोन 2 क्षेत्र में कैलाश नगर और कुरुद में दो ऐसी सड़कें है जो इसी तरह के विवाद में उलझ कर रह गई हैं। एक सड़क की हालत इतनी दैनीय है कि वहां से लोगों का आना जाना तक बंद हो गया है। जानकारी ने मुताबिक न्यू कैलाश नगर कुरुद क्षेत्र से लगी एक सड़क महावीर मार्ग है जो लोहिया रोड को जोड़ता है। यह सड़क वार्ड 21 की पार्षद नेहा साहू के वार्ड में आती है। नेहा साहू का कहना है की इस सड़क की हालत काफी दैनीय थी। लोगों की बार बार मांग के चलते उन्होंने इस सड़क के निर्माण के लिए मद की मांग की थी। नगरोत्थान मंद से यहां 480 मीटर लंबी सड़क और नाली निर्माण के लिए 46 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। परियोजना शाखा की इंजीनियर और निगम के अधिकारी दो सप्ताह पहले मौके पर आए। नेहा साहू को भी वहां बुलाया गया। उन्होंने निर्माण शुरू करने के लिए वहां विधिवत मोहल्ले वासियों के सामने भूमि पूजन किया। ठेकेदार ने तुरंत काम भी शुरू कर दिया। नाली को जेसीबी से खोद डाला। अगले दिन जैसे ही यह खबर मीडिया में प्रकाशित हुई की नेहा साहू ने रोड का भूमिपूजन किया भाजपा के बड़े नेताओं ने दबाव डलवाकर काम को रुकवा दिया। अब यहां की हालत यह हो गई है कि दो सप्ताह से सड़क में मिट्टी पड़ी होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। पार्षद नेहा साहू का कहना है कि काम बंद होने का कारण राजनीतिक द्वेष है। अधिकारी न फोन उठा रहे हैं न ये बता रहे हैं कि सड़क का निर्माण कार्य क्यों नहीं हो रहा है।



# ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित करने वार्डवासियों ने किया विरोध प्रदर्शन, बिजली दफ्तर में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित करने वार्ड 11 शांतिपारा के निवासियों ने बिजली दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि दो दिन पहले बारुद से लदे ट्रक के ट्रांसफार्मर से टकराने से वह क्षतिग्रस्त हो गया था।

■ बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर से लोगों को परेशानी

शुक्र वार को पार्षद रामखिलावन वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासी बिजली दफ्तर पहुंचे।

उनकी मांग थी कि सड़क पर जहां ट्रासंफार्मर लगा हुआ था उसे दूसरी जगह स्थानांतिरत किया जाए। लोगों ने बताया कि बीच सड़क पर ट्रांसफर होने के कारण आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गली के सामने ट्रांसफार्मर होने से कार, एम्बुलेंस, शव वाहन आदि को आने जाने में दिक्कत होती है। इस दौरान बिजली दफ्तर में काफी गहमा गहमी का माहौल रहा। विवाद इस बात से और बढ़ी की बिजली विभाग का कहना था कि फिलहाल वहीं ट्रांसफार्मर लगाएंगे, कुछ दिन बाद इसे हटा दिया जाएगा। इसका लोगों ने जमकर विरोध किया। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के कारण लंबे समय तक बिजली गुल रही। फिलहाल बिजली की व्यकल्पिक व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि भिलाई-3 क्षेत्र में रायपुर की ओर जा रही बारूद से भरी एक ट्रक क्रमांक टीएस 05 यूबी 2355 अनियंत्रित होकर मेन मार्केट में ट्रांसफार्मर पोल से जा टकराई थी। चालक और क्लीनर दोनों शराब के नशे में थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार की सुबह पार्षद के साथ बिजली ऑफिस पहुंचे और ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग की।सहायक अभियंता मुकेश कुमार लहरे के आश्वासन के बाद आक्रोशित लोग वापस लौट गए।



**ट्रांसफार्मर होने से लोग परेशान**

“ बिजली विभाग का कहना था कि इसी जगह पर पोल गाड़ते हुए ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसका हमने विरोध किया है। गतवा तालाब, शांति नगर, मुक्तिधाम जाने का आम रास्ता है। बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर होने से लोग परेशान है। कल बारुद से भरा हुआ ट्रक ट्रांसफार्मर से टकरा गया था। गनीमत रहा कि उसमें ब्लास्ट नहीं हुआ। नहीं तो कई लोगों की जान जा सकती थी। **-रामखिलावन वर्मा,** पार्षद वार्ड 11, भिलाईतीन

पेज 3 का शेष...

### भाजपा महिला...

मीडिया प्रभारीः शिवानी यादव (थानखमरिया) ‘मन की बात’ प्रभारीः कविता सुराना (बेरला), सह- ‘मन की बात’ प्रभारीः मीना देवी मंडले (रजकुड़ी) इसके अलावा संध्या नायक, ज्योति सुराना, जामिन बघेल, सुनीता यादव, आरती साहू, भारती जंघेल, वर्षा साहू, पेमिन नेताम, अनु चंद्राकर, नेहा शर्मा, लक्ष्मी पवार, पूजा श्रीवास्तव, रुक्मणी वर्मा, सरस्वती जोशी, संतोषी, लता साहू, लक्ष्मी शर्मा एवं लता देवांगन को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

**होली बाद जारी होगी मंडल अध्यक्षों की सूची-** जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि मंडल अध्यक्षों की सूची होली पर्व के बाद जारी की जाएगी। वर्तमान में संगठनात्मक समीक्षा और परामर्श की प्रक्रिया जिला अध्यक्ष अजय साहू के साथ जारी है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह गठन जिले में महिला राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा देगा और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त होगा।

बिजनेस साइट

## श्री कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने चिकित्सा सेवा में पांच वर्ष किए पूरे

**रायपुर।** राजधानी के फाफाडीह स्थित श्री कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा और समर्पण के सफलतम पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने अपनी इस गौरवशाली यात्रा को मरीजों के विश्वास और अपनी टीम की अटूट मेहनत का परिणाम बताया है। पिछले पांच सालों में अस्पताल ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और अत्याधुनिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। अस्पताल में विशेषज्ञों की एक अनुभवी टीम कार्यरत है जिसमें डॉ सनी सिंह पसरीजा लेप्रोस्कोपी एवं लेजर सर्जन के रूप में और डॉ इशप्रीत कौर पसरीजा प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी क्रम में डॉ अरुणाभ मुखर्जी क्रिटिकल केयर विभाग और डॉ नील सिंह पसरीजा हड्डी एवं स्पाइन सर्जरी विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। इन अनुभवी चिकित्सकों के मार्गदर्शन में अस्पताल जटिल से जटिल सर्जरी और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को त्वरित राहत प्रदान कर रहा है। श्री कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सामान्य शल्य चिकित्सा के साथ ही प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग तथा बाल रोग विभाग जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहाँ कान नाक एवं गला रोग के उपचार के साथ ही न्यूरो सर्जरी और मूत्र रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी चौबीसों घंटे सुलभ हैं। अस्पताल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हड्डी तथा जोड़ प्रत्यारोपण की अत्याधुनिक तकनीक मौजूद है। क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर के साथ ही अस्पताल अपनी एम्बुलेंस सेवाओं के जरिए गंभीर मरीजों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहता है। वाल्टेयर रेलवे लाइन के सामने फाफाडीह स्थित यह अस्पताल आज अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के चलते रायपुर का एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र बन गया है।





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवारा शाला में लगा विज्ञान-गणित-सामाजिक विज्ञान मेला



**देवकर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" के अवसर पर 28 फरवरी 2026 को शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला बुधवारा में "विज्ञान-गणित-सामाजिक विज्ञान मेला" का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल एवं प्रयोग प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान विषय के अंतर्गत बच्चों ने पृथक्करण विधि, उत्तल लेंस से प्रतिबिंब का बनना, चुंबक द्वारा विद्युत उत्पन्न करना तथा प्रकाश का सीधी रेखा में गमन करना जैसे प्रयोगों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने प्रयोगों को सरल शब्दों में समझाते हुए उनके वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। गणित विषय में नाप-तौल, घड़ी में घंटा-मिनट-सेकंड की जानकारी, कैलेंडर के माध्यम से वर्ष-माह-दिनांक-दिन की समझ तथा लेन-देन के जरिए रुपये-पैसे की गणना को व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग को रोचक ढंग से समझाया। सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत मानचित्र पढ़ने की विधि पर विशेष प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ एवं ग्राम बुधवारा का नजरी नक्शा बनाकर राजधानी, जिला, ब्लॉक, संकुल केंद्र, पंचायत भवन, शाला भवन एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान कराई। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक माखन लाल वर्मा, प्रधान पाठक सतीश देवांगन (एमएस), प्रधान पाठिका मैमुना सुल्ताना (पीएस) सहित शिक्षकगण लीलेश्वर स/span> मुन्नी चौबे, सोमलता साहू, अर्चना राजपूत, लम्पाल भारते (पीएस कोहकाबोड़) तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की टुकेश्वरी साहू की विशेष भूमिका रही। साथ ही पालकगण रामशरण निषाद, चेतन पटेल, दशोदा बाई, गजरा बाई, सरोज बाई, पार्वती निषाद, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रानो स्कूल में सजा विज्ञान मेला

**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानो में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित सुंदर एवं आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। विज्ञान शिक्षिका प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में बच्चों ने फेफड़ा, जल-चक्र, पौधे के भाग, वायुमंडल की परतें, मृदा का संगठन, फलीदार पौधे का जीवनचक्र, मच्छर का जीवन चक्र, वृक्क की संरचना, मानव शरीर का उत्सर्जन तंत्र, पाचन तंत्र, हृदय की संरचना तथा मृदा की संरचना जैसे विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली मॉडल प्रस्तुत किए।



विद्यार्थियों ने न केवल मॉडल तैयार किए, बल्कि उनसे जुड़े वैज्ञानिक सिद्धांतों को भी सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा, माध्यमिक प्रधान पाठक किशुनराम साहू तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन नीरज चौहान उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों से मॉडलों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ संतोषजनक उत्तर दिया। इस अवसर पर प्रतीक जैन एवं विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए लगभग सौ विज्ञान टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) एवं मॉडलों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। आयोजन के लिए आवश्यक सामग्री नवाचारी शिक्षिका द्वारा स्वयं के व्यय से उपलब्ध कराई गई थी। कार्यक्रम में प्राथमिक प्रधान पाठक उत्तम साहू, दीनदयाल वर्मा, अमृत लाल गुप्ता सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षिका एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

### जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने डॉ. शिरीष

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्र, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी एवं उपाध्यक्ष लेखमनी पांडे की सहमति से बेमेतरा जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर डॉ. शिरीष शर्मा की नियुक्ति की गई है। यह निर्णय प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, समाज के हितों की रक्षा तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से डॉ. शिरीष शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक स्वर में समर्थन प्रदान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे।



उन्होंने शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा सहभागिता और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्राथमिकता देने की बात कही। समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि डॉ. शिरीष शर्मा के नेतृत्व में बेमेतरा जिला सर्व ब्राह्मण समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और सामाजिक एकता व संगठनात्मक विस्तार की दिशा में प्रभावी कार्य करेगा। इस अवसर पर बेमेतरा जिले से अश्वनी तिवारी, प्रवीण शर्मा, कान्हा तिवारी, सूर्यप्रकाश शर्मा, डॉ. आलोक मिश्र, पंडित योगेश कृष्ण तिवारी, डॉ. एन.के. तिवारी, अजय शर्मा, अंकित मिश्र, रवि तिवारी, राकेश शर्मा, अपूर्व पांडे, अतुल शर्मा, आशुतोष शर्मा, संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, अजीताभ मिश्र, किशोर दूबे, त्रिलोक शर्मा, धनंजय धर दीवान (बिनू), दिलीप शर्मा, सत्यनंद शर्मा, शेखर शर्मा, मनहरण शर्मा, योगेश शुक्ला एवं कौशल शर्मा सहित अन्य समाजजनों की सक्रिय सहभागिता रही।

# डीआईजी की सख्त हिदायतः होली में हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

## तीन सवारी, स्टंटबाजी और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू (आईपीएस) ने पुलिस कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में अपराध समीक्षा के साथ आगामी होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

डीआईजी साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हुड़दंग, तीन सवारी, स्टंटबाजी, नशे में वाहन चलाने, मारपीट करने तथा अशांति फैलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, फ्लैग मार्च के निर्देश बैठक में निर्देश दिए गए कि होली से पूर्व ही संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए। होलिका दहन के दौरान शहर के प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। फ्लैग मार्च, सतत पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त के माध्यम से शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। डीआईजी ने निर्देशित किया कि होलिका दहन खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर ही हो। बिजली के तारों, भूसे, पैरावट या संकरी गलियों में होली न जलाई जाए और न ही बीच सड़क पर, ताकि यातायात प्रभावित न हो तथा दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर नागरिकों से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील करने को कहा गया।



**सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता**

होली के दौरान सोशल मीडिया पर धार्मिक, राजनीतिक या सामाजिक द्वेष फैलाने वाले संदेशों को न तो साझा करने और न ही आगे बढ़ाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही आमजन को भी जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

**निगरानी बदमाशों पर पैनी नजर, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तेज-** डीआईजी साहू ने क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी बदमाश, सजायाफ्ता एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने को कहा। धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही, लंबित समंस एवं वारंट की शत-प्रतिशत तामिली, स्थायी वारंटों के निष्पादन हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के त्वरित निराकरण, दुष्कर्म प्रकरणों में एफआईआर दर्ज होने की तिथि से दो माह के भीतर विवेचना पूर्ण करने तथा गुम बालक-बालिकाओं की बरामदगी हेतु "ऑपरेशन मुस्कान" चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

**अवैध गतिविधियों पर सख्ती-** अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने, संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों पर नजर रखने तथा मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। शाम के समय चौक-चौराहों पर विजिबल पुलिसिंग और संदिग्ध वाहनों की नियमित जांच पर बल दिया गया।मोटरयान दुर्घटनाओं में पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिन तक प्रति पीड़ित 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की पात्रता संबंधी प्रावधान की जानकारी देते हुए डीआईजी ने निर्देश दिया कि पात्र पीड़ितों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**हाईटेक पुलिसिंग और पोर्टल के उपयोग पर जोर-** "सशक्त एप" के माध्यम से वाहन जांच को प्रभावी बनाने, साइबर प्रहरी, त्रिनयन एप के उपयोग तथा स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीएनएस के अंतर्गत एमएलसी/पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन भेजने, ई-समंस पोर्टल, साइबर पुलिस पोर्टल सहित विभिन्न राष्ट्रीय पोर्टलों के प्रभावी संचालन और तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए टीम भावना से कार्य करने पर बल दिया गया।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, एसडीओपी, निरीक्षक एवं थाना/चौकी प्रभारियों सहित साइबर सेल के अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे।

## जंगलपुर-लालपुर तक बहुप्रतीक्षित सड़क की मिली सौगात

# विधायक ने 4.75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के वर्षो से बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। शनिवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम जंगलपुर में 4 करोड़ 75 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 4.10 किलोमीटर लंबे बहुप्रतीक्षित जंगलपुर-लालपुर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 4 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन पंडरिया विधानसभा में विकास, विश्वास और उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव है। वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास को नई गति देते हुए जनता की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए हमने जो प्रयास किया, आज वह सफल होते देखना अत्यंत सुखद है। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना निर्माण से वनांचल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं। यह भाजपा की विकासपरक सोच, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से अब वनांचल क्षेत्र सहित आस-पास के कई गांव इससे लाभान्वित होंगे। जनता को सुगम व सुरक्षित आवागमन सुविधा मिलने के साथ ही यहां व्यपारिक एवं व्यावसयिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने इन क्षेत्रों को विकास की प्राथमिक सूची में सबसे ऊपर रखा है। सड़क निर्माण का यह कार्य केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि वनांचल क्षेत्र में निवासरत परिवारों को सम्मान और अधिकार दिलाने का माध्यम, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का आधार और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने का सशक्त जरिया है। वर्तमान समय मे पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 400 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और कुछ पूर्ण हो चुके हैं बाकी सड़कें भी जल्द ही पूर्ण हो जाएगी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

**लगातार सड़क, अधोसंरचना और ग्रामीण विकास के कार्य हो रहे**



भावना बोहरा ने कहा की आज कच्चे रास्तों की जगह पक्की सड़कों का निर्माण, अंधेरे गांवों में बिजली, दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधा और स्कूलों तक सुगम पहुंच, यह सब भाजपा की कार्य आधारित राजनीति का परिणाम है। पंडरिया विधानसभा में लगातार सड़क, अधोसंरचना और ग्रामीण विकास के कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार का में वनांचल, आदिवासी, किसान, युवा और महिला सबके लिए समान अवसर हैं। सड़कें बनेंगी तो व्यापार बढ़ेगा, रोजगार आएगा, गांव मजबूत होंगे और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। हमारा प्रयास ग्रामीणों के सशक्तिकरण के सतब ही उन्हें रोजगार व सर्वसुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# डॉ. बुद्धेश्वर को फैमिली मेडिसिन में मिला पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां पदस्थ चिकित्सक डॉ. बुद्धेश्वर वर्मा को फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान किया गया है। उन्होंने क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी), वेल्लोर द्वारा संचालित फैमिली मेडिसिन के दो वर्षीय ब्लेंडेड लर्निंग पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

यह विशेष पाठ्यक्रम सीएमसी वेल्लोर के डिस्टेंस एजुकेशन यूनिट द्वारा नेशनल हेल्थ मिशन छत्तीसगढ़ के सहयोग से संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के चिकित्सकों को फैमिली मेडिसिन के क्षेत्र में उन्नत ज्ञान, व्यवहारिक दक्षता एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से सुसज्जित करना है, ताकि वे सामुदायिक स्तर पर समग्र और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। डॉ. वर्मा ने पाठ्यक्रम के दौरान निर्धारित शैक्षणिक मानकों, प्रशिक्षण सत्रों, क्लिनिकल प्रैक्टिस एवं मूल्यांकन की सभी आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। फरवरी 2026 में आयोजित औपचारिक प्रक्रिया के तहत उन्हें यह स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया गया। दो वर्षों तक चले इस प्रशिक्षण में ऑनलाइन अध्ययन, प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्र, केस स्टडी, शोध आधारित गतिविधियां एवं सतत मूल्यांकन शामिल थे। फैमिली मेडिसिन एक ऐसा चिकित्सा क्षेत्र है, जो व्यक्ति एवं परिवार की समग्र स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर केंद्रित होता है। इस विशेषज्ञता के माध्यम से चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, दीर्घकालिक रोग प्रबंधन, निवारक स्वास्थ्य सेवाएं तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. वर्मा की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत शैक्षणिक उन्नति का प्रतीक है, बल्कि इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के सहयोग से संचालित इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश में कार्यरत चिकित्सकों को विशेषज्ञता अर्जित करने का सशक्त मंच प्रदान कर रहे हैं। डॉ. बुद्धेश्वर वर्मा की इस सफलता पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े साथियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में यह उपलब्धि एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है, जो अन्य चिकित्सकों को भी उच्च शिक्षा एवं विशेषज्ञता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## 42 वर्ष की सेवा के बाद एएसआई आनंदीराम को दी गई भावभीनी विदाई



**बेमेतरा।** जिले के पुलिस विभाग में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक आनंदीराम सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। लगभग 42 वर्ष 05 माह से अधिक की उल्लेखनीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनकी दीर्घ सेवा को सराहा। कार्यक्रम में रामकृष्ण साहू पुलिस उप महानिरीक्षक ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर श्री सिन्हा का सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, किंतु श्री आनंदीराम सिन्हा ने सदैव मुस्तैदी, कर्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में विभाग की गरिमा को बनाए रखा। उल्लेखनीय है कि आनंदीराम सिन्हा वर्ष 1983 में आरक्षक पद पर जिला दुर्ग में भर्ती हुए थे। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने जिला दुर्ग एवं बेमेतरा के विभिन्न थाना, चौकी एवं शाखाओं में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। अनुशासन, सरल स्वभाव और टीम भावना के कारण वे अधिकारियों एवं सहकर्मियों के बीच सदैव सम्मानित रहे। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार ने भी अपने संबोधन में श्री सिन्हा की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि गृह विभाग में संवेदनशीलता एवं सजगता के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक होता है, जिसका उन्होंने पूरी निष्ठा से पालन किया। पुलिस परिवार की ओर से उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं दी गईं। अपने उद्बोधन में सहायक उप निरीक्षक आनंदीराम सिन्हा ने सेवाकाल के खट्टे-मीठे अनुभव साझा करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहकर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टीम वर्क और अनुशासन के बल पर ही उन्होंने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

### युवा किसान नेता ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए युवा किसान नेता एवं प्रदेश सहकोषाध्यक्ष मोंटी साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों के खातों में धान बोनस के रूप में 10 हजार करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित किए जाने को उन्होंने ऐतिहासिक कदम बताया।



मोंटी साहू ने मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा किसानों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और बाजारों में क्रय शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने किसानों से किया गया वादा निभाकर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश की समृद्धि का मार्ग खेतों से होकर गुजरता है। धान बोनस की यह राशि किसानों के लिए राहत लेकर आई है, जिससे उन्हें कृषि कार्यों के लिए संसाधन जुटाने में सहूलियत मिलेगी। युवा किसान नेता के रूप में मोंटी साहू ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश के युवाओं का खेती-किसानी के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी किसानों के हित में इसी प्रकार के सकारात्मक निर्णय लिए जाते रहेंगे।

# पीएम कौशल विकास योजना के अंतर्गत गठित दल ने किया कृषि महाविद्यालय का मूल्यांकन एवं निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत गठित दल द्वारा रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का मूल्यांकन एवं निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण महाविद्यालय में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम की पारगम्यता एवं प्रभावशीलता की जांच के उद्देश्य से किया गया।

योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं पुरुषों को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों एवं आयु समूहों के लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में निरीक्षण दल ने महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं, उपकरणों (इक्विपमेंट) एवं उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। टीम ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन, संसाधनों की उपलब्धता तथा गुणवत्ता मानकों का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव भी दिए, ताकि वोकेशनल ट्रेनिंग कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

शासन द्वारा गठित टीम में रोशन वर्मा (सह प्राध्यापक, कौशल विभाग), डॉ. श्याम सिंह (सह प्राध्यापक, पौध रोग विज्ञान विभाग संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र) राम कुमार साहू (सहायक प्राध्यापक, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय), धनेश वर्मा, डॉ. जितेंद्र जोशी (वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा),कुंती बंजारे (नोडल अधिकारी) एवं राजेश्वरी कुर्रे उपस्थित रहे।

### तीन खिलाड़ियों का भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम चयन

**कवर्धा।** भारतीय बॉल बैडमिंटन के 5 देशों की टेस्ट सीरिज की श्रृंखला लगातार चल रही है, जिसके अगले कड़ी इंडिया- मलेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज हेतु बालिका वर्ग में कवर्धा के क्षमानिधी जांगड़े, लता साहू एवं बालक वर्ग में बंटी चंद्रवंशी का चयन किया गया। इससे पहले यह बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज भारत और इंडोनेशिया में आयोजित की जा चुकी है, जिसमे कवर्धा से रिया तिवारी और रामू सिंह ने हिस्सा लिया और स्वर्ण पदक हासिल किया था उसी कड़ी में मलेशिया टेस्ट सीरिज हेतु उक्त खिलाड़ी बंटी चंद्रवंशी, क्षमानिधि जांगड़े और लता साहू का चयन किया गया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## अंतर महाविद्यालय पावर लिफ्टिंग में शिवराज को मिला कांस्य पदक

**नवागढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन पावर लिफ्टिंग (पुरुष) प्रतियोगिता में शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के छात्र शिवराज साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में हुआ। बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र शिवराज साहू ने 83 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 415.5 किलोग्राम वजन उठाकर तृतीय स्थान हासिल किया। कड़े मुकाबले के बीच उन्होंने अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और नियमित अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की। इस प्रतियोगिता में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टीम के कोच एवं मैनेजर प्रो. योगेश्वर दिवाकर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरीश कांत पांडे ने शिवराज साहू को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रशासन एवं क्रीड़ा विभाग ने इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

## नेवनारा चंडी मंदिर में 1 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह

**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेवनारा स्थित चंडी मंदिर परिसर में 1 मार्च, रविवार को सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक भव्य होली मिलन एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी द्वारा किया जा रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में योगेश तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव के संदेश के साथ समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से समारोह में शामिल होकर स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। यह उत्सव समाज को एक सूत्र में पिरोने और हृदयों के बीच दूरियों को मिटाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में वैवाहिक संस्कार को भी सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे शुभ अवसरों पर समाज का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होता है। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों एवं ग्रामवासियों के लिए स्वल्पाहार एवं स्नेह भोज की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन को लेकर ग्राम नेवनारा सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता की संभावना जताई जा रही है।

# जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में हुआ वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के प्राचार्य जे. के. घृतलहरे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई।

अपने संबोधन में प्राचार्य घृतलहरे ने कहा कि वार्षिकोत्सव संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। इससे छात्राध्यापकों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना का विकास होता है।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्य-नाटिका ने बढ़ाया उत्सव का आनंद



### प्रस्तुतियों ने बटोरी दर्शकों की सराहना

सुवा, करमा, ददरिया, जस गीत, भरथरी गीत, महारास एवं महाभारत पर आधारित नृत्य-नाटिका सहित विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। सर्वधर्म प्रार्थना की प्रस्तुति ने एकता और सद्भाव का संदेश दिया। सभी प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक रहीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता जी. एल. खुटियारे एवं यमुना जांगड़े ने किया। इस अवसर पर संस्थान के सहायक अध्यापकगण एवं समस्त छात्राध्यापक उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता ने संस्थान के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान की।

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रशिक्षु शिक्षकों को समाज निर्माण में अपनी भूमिका को जिम्मेदारीपूर्वक निभाने की प्रेरणा दी।

उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे ने संस्थान की वर्षभर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को भविष्य की शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला बताया। सेवा पूर्व प्रशिक्षण प्रभाग (पीएसटीई) प्रभारी अनिल कुमार सोनी ने प्रशिक्षण गतिविधियों एवं शैक्षणिक नवाचारों की जानकारी दी। वार्षिकोत्सव के अवसर पर छात्राध्यापकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे।

### नहीं हुई कोई जनहानि, हादसे के बाद इलाके में बिजली हुई गुल

# अनियंत्रित हाईवा के टक्कर से टूटा 11 केवी का विद्युत पोल गिरा घर के छप्पर पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला/कोदवा

ब्लॉक बेरला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहभट्ठा में सुबह को अचानक अनियंत्रित गाड़ी 11केवी खम्भे में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गया और बिजलीं के खम्भे सहित तार पास के रहवासी के छप्पर में जा गिरे। इससे अंचल में हड़कंप मच गई और लोगो को भय का सामना करना पड़ा। इस घटना में किसी की जनहानि नहीं हुई और ड्राइवर भी बाल-बाल बचे। बता दें कि ग्राम कोदवा की ओर से बेरला के तरफ जा रहे थे वही बीच ग्राम मोहभट्ठा के लास्ट निकलते ही एक मोड़ के पास अशोक लेलैंड हाइवा गाड़ी अनियंत्रित होकर 11केवी बिजली खम्भे में जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का भारी-भरकम खंभा जड़ से उखड़कर पास के एक घर के छप्पर पर जा गिरा। इस दौरान 11केवी में तार में करेंट नहीं थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इसके साथ ड्राइवर भी बाल-बाल बचे। वही बिजली के खम्भे टूट जाने से विभाग को कॉफी नुकसान का सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय घर के उस हिस्से में कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई।सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुँची। विभाग के अनुसार क्षतिग्रस्त पोल को बदलने और तारों को दुरुस्त करने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

## घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके की बिजली गुल



### घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके की बिजली गुल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे बिजली के खंभे से जा टकराया।कथित रूप से बताया कि अशोक लेलैंड हाइवा गाड़ी रंग पीला है। इस गाड़ी का नंबर सीजी 25 ई 251 है लेकिन लास्ट के अंक टक्कर लगने से ठीक से दिखाई नहीं देने से अंकित नहीं हो पाया है। जो कि गाड़ी बेमेतरा की है। टक्कर लगते ही खंभा टूटकर मकान की छत पर गिर गया और 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के तार सड़क और घर के आसपास फैल गए। घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बिजली विभाग को सूचित किया, जिसके बाद विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। आवासीय क्षति खंभा गिरने से घर के छप्पर और ढांचे को काफी नुकसान पहुँचा है। खतरे की आशंका हाईटेंशन तारों के बिखरे होने के कारण क्षेत्र में अभी भी दहशत का माहौल है।

# ग्रापं जानो में हर घर तक पहुंचा शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा/परपोड़ी

ग्राम पंचायत जानो की महिला सरपंच लता हेमंत कौशल ने गांव के बाहर रहने वाले चार परिवारों को मीठा पहुंच कर अपना संकल्प पूरा किया सरकार की नल जल योजना का काम तो गांव में चला हर घर में शुद्ध पानी पहुंचना प्रारंभ हो गया लेकिन गांव की भौगोलिक अड़चनों के चलते कुछ परिवारों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था उनके दर्द को समझते हुए पाइपलाइन से उन घरों में पानी पहुंचने का जिम्मा उठाया 1500 की आबादी वाला गांव अब पूरी तरह मीठे पानी से संतुष्ट हो रहा है।

- गांव में स्वच्छता और जल-संरक्षण में जागरूकता बढ़ी

महिला सरपंच इस प्रयास की सभी ने सराहना की। गांव के दो चार घर ऐसे होते है जो न चाहते हुए भी छूट जाते हैं जहां नल जल योजना की पाइप लाइन ही नहीं पहुंच पाती है जिसके चलते महिलाओं को दूर से पानीलाना पड़ता था। ग्राम पंचायत जानो की जहां की सरपंच लता हेमंत कौशल की इच्छा शक्ति ने गांव से लगभग 500 मीटर दूर घरों में पानी पहुंचने की सपना को पूरा किया है। पिछले साल सरपंच चुनाव के समय घरों के महिलाओं ने पानी की समस्या को बताया था 50 फिट पास में ही गांव का नाला है बाकी पानी गांव के निस्तारी के लिए नाले छोड़ दिया जाता है। सरपंच प्रतिनिधि (अध्यक्ष ,भाजपा किसान मोर्चा परपोड़ी मंडल)हेमंत कौशल ने बताया है कि ग्राम पंचायत के सभी जल श्रोतों में सोखता गड्ढा लीच पिच आदि का निर्माण कर लिया गया है और सरपंच ने स्वयं अपने घर में 6 माह पूर्व सोखता गड्ढा का निर्माण किया है युवा महिला सरपंच गांव मे लगातार स्वच्छता अभियान पर भी विशेष ध्यान दे रही है, जिसके चलते गांव में स्वच्छता को लेकर बहुत जागरूकता है।



# खंभों, लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के निकट न करें होलिका दहनः मुख्य अभियंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

होली पर्व को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। कंपनी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को रोकने के लिए सभी शिकायत केंद्रों में समुचित अमले के साथ पूरी तैयारी रखी गई है। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता और शालीनतापूर्वक रंगोत्सव मनाना विद्युत कंपनी सहित आमजन के हित में है। उन्होंने विशेष रूप से अपील की है कि विद्युत उपकेंद्रों, खंभों, ओवरहेड लाइनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन न करें और इन पर रंगों की बौछार भी न डालें।

### ऐप से भी प्राप्त कर सकते हैं समाधान

उपभोक्ता "मोर बिजली ऐप" के माध्यम से भी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने नागरिकों से अपील की है कि वे विद्युत लाइनों या ट्रांसफार्मरों पर कोई वस्तु न फेंकें, रंगों की बौछार न करें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत गड़बड़ी या दुर्घटना की सूचना तत्काल निकटस्थ विद्युत कार्यालय को दें। होलिकोत्सव के दौरान बच्चों पर विशेष निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि रंगोत्सव के दौरान यदि कहीं विद्युत व्यवधान या दुर्घटना संबंधी स्थिति उत्पन्न होती है तो उपभोक्ता अपने क्षेत्र के संबंधित जोन अथवा वितरण केंद्र से तुरंत संपर्क करें।

### त्वरित निराकरण के लिए कॉल सेंटर रहेगा कार्यरत

मुख्य अभियंता ने बताया कि होली के अवकाश के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कंपनी का केंद्रीकृत कॉल सेंटर चौबीसों घंटे सामान्य दिनों की भांति कार्यरत रहेगा। उपभोक्ता इस नंबर पर हिंदी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त "बिजली मितान बॉट" के व्हाट्सऐप नंबर पर भी बिजली आपूर्ति बाधित होने, ट्रांसफॉर्मर खराबी अथवा अन्य विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# 86 पाव अवैध व्हिस्की के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग वृत्त-नवागढ़ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम रूसे में छापेमारी कर अवैध मदिरा जब्त की है। कार्रवाई के दौरान 86 पाव अवैध व्हिस्की के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम रूसे निवासी तुलसी राम साहू (66) अपने घर में अवैध शराब का संग्रहण कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए आबकारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम के नेतृत्व में टीम ने आरोपी के रिहायशी मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के शयन कक्ष में खाट के नीचे छिपाकर रखी गई एक सफेद प्लास्टिक बोरी बरामद की गई। बोरी के अंदर 86 नग पाव 'जम्मू स्पेशल व्हिस्की' कुल 15.48 बल्क लीटर मात्रा में पाई गई। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 10,320 रुपये आंका गया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने होली के दौरान ऊंचे दामों पर बिक्री करने के उद्देश्य से शराब का संग्रहण किया था। विभाग का मानना है कि त्यौहार के समय अवैध शराब की खपत बढ़ने की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई।



### शिकायत के लिए जारी किया गया नंबर

आबकारी विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण या विक्रय की सूचना तुरंत विभाग को दें। संबंधित शिकायतें आबकारी उप निरीक्षक (वृत्त नवागढ़) के मोबाइल नंबर पर दर्ज कराई जा सकती हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### गैर-जमानती धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज

आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के पश्चात जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सहदेव मरकाम, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक महेश्वर, मुख्य आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक संतोष अहिरवार तथा वाहन चालक पूर्णानंद सोम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थानखमरिया में होली मिलन समारोह, प्रेम और सौहार्द्र का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखमरियाँ

स्व सहायता समूह एवं मां दंतेश्वरी मानस महिला मंडली द्वारा राधा-कृष्ण जमात मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की प्रमुख सरोज सिन्हा एवं संतोषी कुंभकार ने दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जिसका संबंध प्रह्लाद और होलिका की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि होली हमें स्वयं के प्रति दयालु बनने, पुरानी गलतियों को भुलाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के संयोजक अनिल सिंघानिया ने कहा कि होली अच्छाई की बुराई पर जीत का उत्सव है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, सत्य और विश्वास के मार्ग पर चलकर हर परिस्थिति से बाहर निकला जा सकता है। उन्होंने इसे सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक बताया।



### फाग गीतों की सुंदर प्रस्तुति से भावविभोर हुए श्रोता

समारोह के दौरान महिलाओं द्वारा कृष्ण भक्ति गीत एवं फाग गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, मीना नामदेव, रेखा शर्मा, विद्या साहू, सुखमन कुंभकार, सत्या निर्मलकार, सीता साहू, शिवकुमार कुंभकार, ममता सेन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# रमन प्रभाव पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई गई शैक्षणिक फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन द्वारा वर्ष 1928 में 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना, अंधविश्वासों का खंडन करना तथा विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित करना है। विद्यालय में इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, विज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। विशेष आकर्षण के रूप में प्रोजेक्टर के माध्यम से 'रमन प्रभाव' पर आधारित एक शैक्षणिक वीडियो प्रदर्शित किया गया। वीडियो के माध्यम से बच्चों को प्रकाश के प्रकीर्णन और उसके वैज्ञानिक सिद्धांत को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया गया। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे, शिक्षक देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, पूनम कुमार साहू एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नेहा साहू सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को विज्ञान को अपने दैनिक जीवन से जोड़ने और तार्किक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया।




### विज्ञान हमें तर्क करना सिखाता है

विद्यालय के शिक्षक प्रशांत बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान के बिना मानव जीवन और राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। विज्ञान हमें तर्क करना सिखाता है तथा अंधविश्वासों और कुरीतियों से मुक्त समाज के निर्माण में सहायक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और नई खोजों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्था प्रमुख सरस्वती साहू ने कहा कि देश की प्रगति के लिए वैज्ञानिक सोच का विकास अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें नवाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं।




